सार-समाचार

कर्नाटक मानद फेलो पुरस्कार से सम्मानित

उदयपुर,(कासं)। भारतीय कीट विज्ञान सोसायटी ने 7 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में कीट विज्ञान में स्थापना दिवस समारोह और फ्रंटियर्स इन एंटोमोलोजी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक को मानद फेलो-2024 पुरस्कार से सम्मानित किया। डॉ. कर्नाटक को पुरस्कार प्रदान करते हुए सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. वी.वी. राममूर्ति ने कीट विज्ञान शिक्षण, अनुसंधान व प्रसार में डॉ. कर्नाटक के आजीवन योगदान की सराहना की। उल्लेखनीय है कि डॉ. कर्नाटक ने चालीस वर्षों तक कृषि एवं कीट विज्ञान क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। इन्हें मधुमक्खी पालन, चावल-गेहूं और गन्ना पारिस्थितिकी तंत्र के कीट प्रबंधन और मृदा जैव प्रबंधन में विशेषज्ञता प्राप्त हैं। इन्होने तराई क्षेत्र में मधुमक्खी की एपिस मेलिफेरा प्रजाति स्थापित की और इसके पालन के लिए प्रबंधन पद्धतियां विकसित की जिससे शहद मोम और अन्य शहद उत्पादों के उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि हुई है और पर-परागण वाली फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है। इन्होने उत्तराखंड सरकार के कृषि पोर्टल का मधुमक्खी पालन भाग विकसित किया। डॉ. कर्नाटक को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2021 का सर्वश्रेष्ठ कुलपति पुरस्कार से सम्मानित किया था। विगत कुछ वर्षों में डॉ. कर्नाटक ने कई पुरस्कार और सम्मान अर्जित किये हैं, जिनमें सोसाइटी फॉर कम्युनिटी मोबिलाइजेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, नई दिल्ली द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, प्लांटिका-एसोसिएशन ऑफ प्लांट साइंस रिसर्चर्स, देहरादून द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षाविद् सम्मान और सतत कृषि और संबद्ध विज्ञान के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान कीट विज्ञान अनुसंधान में उनके योगदान के लिए चौधरी हंसा सिंह पुरस्कार शामिल हैं।

कारण बताओ नोटिस जारी

डूंगरपुर, (निसं)। सीमलवाडा पंचायत समिति क्षेत्र में यूरिया उर्वरक की तय कीमत से अधिक मूल्य पर बेचे जाने की शिकायत प्राप्त होने पर बुधवार को संयुक्त निदेशक कृषि (वि.)के परेश कुमार पण्ड्या के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर सीमलवाडा पंचायत समिति मुख्यालय पर स्थित आदान विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा सर्वप्रथम माण्डली रोड पर स्थित मैसर्स न्यू अम्बिका-ट्रेडर्स के यहाँ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मूल्य सूची बोर्ड नही होना, पोस मशीन में उर्वरक का स्टॉक संधारित नही करना, स्टॉक रजिस्टर का अभाव, मौके पर पाये गये उर्वरकों का लाइसेंस में व फार्म जुडा नही होना, तय कीमत से अधिक मूल्य पर उर्वरक का विक्रय किया जाना कमियां पाई गई। संयुक्त निदेशक कृषि परेश पंड्या बताया कि उक्त कमियों के मद्देनजर उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कार्यवाही की जाकर तत्काल विक्रय पर रोक लगाई जाकर सात दिन के भीतर उक्त कमियों को दुरस्त कराने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उन्होंने बताया कि इसके तत्पश्चात टीम द्वारा मैसर्स केवल बीज भण्डार का निरीक्षण किया गया यहां पर उर्वरक का स्टॉक शून्य पाया गया किन्तु स्टॉक रजिस्टर संधारित नही होने एवं मूल्य सूची बोर्ड नही होने पर नोटिस जारी किया गया। मैंसर्स गुजरात एग्रो एजेन्सी के फर्म के यहां निरीक्षण किया गया जिसमें उर्वरक का स्टॉक शून्य पाया गया। टीम में कृषि अधिकारी सोहन लाल मीणा एवं कृषि पर्यवेक्षक जयदीप सिंह चौहान उपस्थित रहे। उन्होंने सभी कृषक भाइयों से निवेदन किया है कि किसी भी प्रकार का कृषि आदान को खरीदते समय बिल अवश्य लेवें तथा तय कीमत से अधिक नही देवे यदि कोई डीलर, विक्रेता आपसे अधिक मूल्य लेता है तो कार्यालय में इसकी शिकायत करें, तुरन्त डीलर के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

भूखण्ड हड़पने का मामल दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने पीडित से लाखों रूपये वसूल कर भूखण्ड की रजिस्ट्री अन्य के नाम करवा धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अलकापुरी महाकाल मंदिर रोड़ निवासी अमरसिंह पुत्र कालुसिंह चुण्डावत ने भगवतसिंह राठोड़ पुत्र बालकिशन राठौड़ निवासी बडी सादड़ी हॉल टेक्रों मोटर्स के पास गोवर्धन विलास के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी मेरा रिश्तेदार है । वर्ष 2014 में उसने नाहरमगरा से मावली मैन रोड़ पर भूखण्ड खरीदने का प्रस्ताव दिया था। इस पर मैने अपनी पत्नी मालती के नाम से भूखण्ड खरीदने का सौदा तय कर आरोपी को 60 लाख 80 हजार रूपये का भुगतान कर रजिस्ट्री करवाई। इस पर गत दिनों उक्त भुखण्ड पर जाकर देखा तो आरोपी के नाम से भूखण्ड मालिक होने का बोर्ड लगा हुआ था। इस पर दस्तावेज की पडताल की तो मेरी पत्नी के नाम पर आरोपी ने अपनी पत्नी शशी के नाम पर आधे भूखण्ड की रजिस्ट्री कराने की जानकारी सामने आई । इस संबंध में संपर्क कर एतजरात किया तो आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

रेस्टोरेंट लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट लगाने के लिए लाखों रूपये निवेश करवा धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सोहनसिंह चुण्डावत पुत्र सुमेरसिंह अधिकृत मैसेर्स भूमिका इन्टर प्राईजेट प्रा. लि. रिको इण्डस्ट्रीज एरिया सुखेर ने आरोपी सुनिल यादव व शेलैश आर्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी सुनिल यादव से बातचीत होने पर उसने अर्बन स्क्वायर में पिण्ड भलूची रेस्टोरेंट खोलने का प्रस्ताव रखा। इसके लिए आरोपी ने अन्य ब्रोकर शैलेश आर्य न्यू दिल्ली से बातचीत करवाई। इस पर आरोपी ने उक्त फ्रेंचाईजी खोलने के लिए लाईसेंस लेने के लिए निर्धारित कंपनी से बातचीत की। कुछ समय बाद आरोपियों के कहे अनुसार रेस्टोरेंट खोलने की बात तय होने पर 29 सितंबर 2022 को हुई बातचीत के अनुसार आरोपियों पर विश्वास कर उनके कहे अनुसार सात माह में रेस्टोरेंट का संचालन शुरू करने की सहमती बअनने पर मैने उक्त रेस्टारेंट पर 25 लाख रूपये खर्च कर निर्माण कार्य करवाया। निर्धारित समय पर आकर आरोपियों ने कमियां निकाल कर11लाख 80हजार रूपये का खर्च अलग से करवा दिया। काम पूरा होने पर संपर्क किया तो आरोपियों ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस पर पुलिस थाने में प्ररकण दर्ज करवाया।

फर्जी स्टाम्प व सील बनाने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। ऑनलाईन गेम धोखाधड़ी मामले मं बैंक खातों की फर्जी स्टाम्प व सील बनाने वाले को हिरणमगरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर साईबर आपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन साईबर शील्ड अभियान के दौरान हिरणमगरी थाना पुलिस ने 6 जनवरी कोऑनलाईन गेमिंग एप्प के जरिये आम लोगों के साथ साईबर ठगबी करने वालेगिरोह में एक बैंक कर्मी महिला पूजा तथा दो युवकों आयुष व राजेन्द्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से सैकड़ों फीं मोबाईल सीम कार्ड, बैंक खाता, एटीएम कार्ड, मोबाईल तथा सैकड़ों फर्मों की जाली स्टांप सीलों को बरामद कर प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के सुपरविजन में साईबर थानाधिकारी लीलाराम के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के साथ मिलीभगत कर विभिन्न कंपनियों की बिना किसी वैध दस्तावेज व फर्म के लेटर हेड जाली स्टांप सील बनाने वाले कृष्णपुरा सेंटपोल सकूल के पास थाना भुपालपुरा निवासी शेखर कुमावत पुत्र मनोहरलाल कुमावत को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

अवैध डोडा चूरा सहित कार जब्त

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध डोडा चुरा बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में खेरोदा थानाधिकारी सुरेश विश्नोई के नेतृत्व में गठित दल ने गुरूवार को नेशनल हाईवे वासुदेव होटल के सामने नाकाबंशी शुरू की। इस दौरान एक कार को रोक पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम अखिलेश पुत्र प्रभुलाल निवासी ताणा आकोला बताया। तलाशी ली तो कार से 46 किलों 700 किलोठाम अवैध अफीम डोडा चुरा पाया गया। इस दौरान कार में सवार एक साथी मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 को

उदयपुर, (कासं)। नवनियुक्त राजकीय कर्मचारियों के अभिनंदन के लिए जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 जनवरी को नगर निगम परिसर स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित होगा।

हिरणमगरी में अवैध रूप से बनी तीन मंजिला भवन को किया सीज

- बेसमेंट पार्किंग में भी चल रहा था कोचिंग सेंटर

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर नगर निगम का अतिक्रमण निरोधी दस्ता इन दिनों बढी तेजी से अवैध रूप से हो रहे निर्माण के खिलाफ कार्यवाही करने में जुटा हुआ हैं। निगम ने गुरूवार सुबह हिरणमगरी सेक्टर 4 में कोचिंग सेंटर लक्ष्य क्लासेज की बिल्डिंग में बेसमेंट के साथ ही अवैध रूप से बनाई गई पांचवी मंजिल को सीज कर दिया गया।

निगम आयुक्त रामप्रकाश के अनुसार हिरणमगरी सेक्टर 4 में आनंद कुमार गर्ग व अभिषेक गर्ग ने स्वीकृति के वितरीत जाकर निर्माण कर लिया। इसके अलावा बेसमेंट पार्किंग का भी दूरूपयोग किया जा रहा था। नोटिस जारी कर इस निर्माण को गुरुवार को नगर निगम द्वारा सीज कर दिया गया। शहर में संचालित कुछ अन्य कोचिंग सेंटर में भी इस प्रकार की अनियमितता की शिकायतें निगम को मिल रही है। निगम की उन पर भी नजर है।

निगम ने गुरुवार को कोचिंग सेंटर लक्ष्य क्लासेज की बिल्डिंग में कार्रवाई की वहां पर बेसमेंट पार्किंग की जगह भी कोचिंग क्लासेज चलाई जा रही थी। यानी कोचिंग सेंटर संचालक अपनी कमाई के लिए बच्चों की सुरक्षा से भी खिलवाड कर रहा था। जबकि राज्य सरकार बेसमेंट में कोचिंग क्लासेस चलाने के खिलाफ सख्ती बरत रही है।

निगम आयुक्त ने बताया कि बेसमेंट पार्किंग भूतल 2 मंजिल व्यवसायिक,तृतीय एवं चतुर्थ मंजिल आवासीय स्वीकृति दी गई थी प्रार्थी द्वारा दी गई स्वीकृति के विपरीत बेसमेंट पार्किंग की जगह कोचिंग क्लासेस चलाई जा रही थी। तीसरी और चौथी मंजिल पर भी व्यवसायिक निर्माण कर लिया गया। इसके अलावा बिनी किसी स्वीकृति के पांचवी मंजिल और बना ली। निगम द्वारा आज इसकी बेसमेंट के साथ ही तीसरी, चौथी और पांचवीं मंजिल को सीज कर दिया गया। सहायक नगर नियोजक शुचिता कोठारी, विजय डामोर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। नगर निगम के निरोधी दस्ते ने कार्यवाही करने के बाद सीज किए गए भाग में एक नोटिस चस्पा किया। उसमें अंकित किया गया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सीज किये गये भाग में कोई भी गतितिधि पर उसके विरूद्ध एफआईआर संबंधित थाने में दर्ज करवाड़ जाएगी और नियमानुसार कार्यवाही को अमल लाया जाएगा।शहर में कहीं पर भी किसी कोचिंग सेंटर में बेसमेंट पार्किंग की जगह बच्चों को पढाया जा रहा हो तो शहर के जागरूक नागरिक होने के नाते कोई भी व्यक्ति नगर निगम को सूचना दे सकता है। बच्चों की सुरक्षा की अनदेखी करने वाले ऐसे कोचिंग सेंटर संचालकां पर कार्रवाई के लिए अभिभावकों और आमजन को जागरूक होना पडेगा।

तीन दिवसीय चिन्तन शिविर आज से

- शिविर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भाग लेंगी
- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी शिविर का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास एवं कल्याण से जुडी चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय चिन्तन शिविर 10 से 12 जनवरी तक उदयपुर में होगा। विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील के किनारे स्थित होटल रेडिसन ब्लू में प्रस्तावित इस चिन्तन शिविर का शुभारंभ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी। शिविर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी सहित विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रीगण-वरिष्ठ अधिकारीगण भाग लेंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि चिन्तन शिविर में महिलाओं और बच्चों के समेकित विकास और कल्याण से जुडे बिन्दूओं पर राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ स्वतंत्र रुप से चर्चा होगी। यह शिविर चुनौतियों पर चर्चा के साथ ही उनके समाधान पर साझा चिन्तन के लिए मंच भी सिद्ध होगा, ताकि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सर्वोत्तम संभव समाधान निकाले जा सकें।

सोनी ने बताया कि शिविर के तहत 10 जनवरी को अपराह्न 3 बजे से होटल रेडिसन ब्लू में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होगा। अगले दिन 11 जनवरी को सुबह 9.30 बजे शुभारंभ समारोह होगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, वर्तमान में जारी पहलों पर अद्यतन जानकारी साझा करेंगी।

संविधान रक्षक अभियान शुरु

डूंगरपुर, (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग की ओर से गुरुवार को डूंगरपुर जिले में संविधान रक्षक अभियान का आगाज हुआ। इसके तहत सीमलवाडा क्षेत्र में रैली निकाली गई। वहीं,अभियान के माध्यम से संविधान की रक्षा को लेकर जागरूक किया गया। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार व भाजपा पार्टी पर जमकर निशाना भी साधा।

कांग्रेस एससी विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक व पीसीसी प्रवक्ता डॉ.शंकर यादव ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग की ओर से संविधान रक्षक अभियान 26 नवंबर से दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम से शुरुआत हुई थी,अभियान का गुरुवार को डूंगरपुर जिले में आगाज किया गया। जिसमें कांग्रेसी नेता सीमलवाडा कस्बे में विश्वनाथ महादेव मंदिर के सामने एकत्रित हुए।

बैठक संपन्न

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर नगर पालिका की करीब 3 वर्ष बाद बोर्ड बैठक गुरूवार को पालिका सभागार में संपन्न हुई। बोर्ड बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष निर्मला भोजावत ने की। मुख्य अतिथि वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी थे। वहीं कार्यवाहक अधिषाशी अधिकारी व उपखण्ड अधिकारी रमेश बहेड़िया के निर्देशन में बोर्ड बैठक की कार्यवाही चली। बैठक में 25 में से 23 पार्षद उपस्थित रहे तो वहीं कांग्रेस की मोनिका साहु व ईश्वरलाल खटीक अनुपस्थित रहे। बोर्ड बैठक के दौरान कई मुद्दों पर पार्शदों के आक्रोशित होने पर विधायक उदयलाल डांगी ने शांत करवा करके एक-एक पार्षद की समस्या सुनने की बात करके सभी को शांत किया। बोर्ड बैठक में सबसे पहले विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार नगर पालिका आने पर विधायक उदयलाल डांगी का स्वागत किया गया। सभी पार्षदों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। हालांकि बोर्ड बैठक में चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के आने की थी, लेकिन नहीं आ सके।

विद्यालय से 8 शिक्षकों को हटाने का विरोध

- विद्यार्थियों ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर लगाया जाम,खाली पदों को भरने की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। चौरासी विधान सभा क्षेत्र के भंडारी सीनियर स्कूल के बच्चों के साथ ग्रामीणों ने सडक पर जाम लगा दिया। बच्चे स्कूल से 8 शिक्षकों को हटाने का विरोध कर रहे हैं।

चौरासी विधानसभा क्षेत्र के भंडारी सीनियर स्कूल के बच्चों के साथ ग्रामीणों ने सडक पर जाम लगा दिया। इससे दोनों ओर गाडियों की कतारें लग गई। बच्चों ने स्कूल से 8 शिक्षकों को हटाने का विरोध किया। वहीं खाली पदों को भरने की मांग की। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल भंडारी के विद्यार्थी और गांव के लोग गुरुवार को गांव के मुख्य सडक पर आकर बैठ गए। लोगों ने सडक पर जाम लगा दिया और जमकर नारेबाजी के साथ विरोध जताया। इससे रोड के दोनों ओर गाडियों की लाइनें लग गई और आने जाने वाले वाहन सवारों को परेशानी का सामना करना पडा।

स्कूल में 12 वीं कक्षा में पढने वाली छात्रा सूरज डामोर, प्रियंका डामोर, पिंकी डामोर और रोशनी डामोर ने बताया कि 2 साल पहले स्कूल ऋमोन्नत हुआ है,लेकिन इसके बाद से आज तक टीचर नहीं है। जो शिक्षक पढा रहे थे। उनको भी हटा दिया है, जबकि 2 महिने बाद ही बोर्ड की परीक्षाएं हैं। ऐसे में उनका कोर्स और पढाई कैसे पूरी होंगी। वहीं हाईवे जाम होंने की सूचना पर धंबोला पुलिस मौके पर पहुंची। स्कूल के विद्यार्थी और गांव के लोगों ने हटाए गए शिक्षकों को वापस लगाने के साथ ही खाली पदों को भरने की मांग की।राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल भंडारी में रिक्त पद भरने की मांग करते हुए विद्यार्थी ने सडक जाम कर दिया। स्कूल में नामांकन 362 हैं। कुल पद स्वीकृत 16 हैं। 8 टीचरों को हटाया गया है। जिसमें लेवल 1 के 5ए लेवल 2 के 3 शिक्षक हैं। अंग्रेजी,हिंदी और संस्कृत के शिक्षक शामिल हैं।

भंडारी स्कूल के बच्चों की ओर से जाम लगाने की सूचना पर सीमलवाडा सीबीईओ लक्ष्मण डामोर मौके पर पहुंचे। सीबीईओ ने बच्चों से बात की और शिक्षकों को लगाने का भरोसा दिलाया। वहीं धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि बच्चों और अभिभावकों से समझाइश के बाद करीब घंटेभर बाद जाम खुलवा दिया गया।

कंटेनर चांदपोल में फंसा

उदयपुर, (कासं)। बुधवार देर रात टायर बनाने के पाउडर से भरा एक बडा कंटेनर समोरबाग की तरफ से प्रवेश कर, अंदरूनी शहर (वॉल.सिटी) के संकडे मार्गों से भटियानी चौहट्टा होते हुए जगदीश चौक पहुंचा और यहां से गडयिा देवरा,चांदपोल की तरफ जाकर फंस गया। इस दौरान कंटनेर के टकराने से कई दुकानों,होटल,रेस्टोरेंट के छज्जे, पाइप और चौखट टूट गए। क्षेत्रवासी इकट्ठे हुए तो चालक कंटेनर छोडकर भाग गया। इस दौरान कंटेनर भी क्षतिग्रस्त हुआ और उसमें भरा काला पाउडर शहर की अंदरूनी सडकों पर बिखर गया इससे सडकें काली हो गयी।

टीम घोषित

राजसमंद,०(निसं)। 34वीं राजस्थान राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता बालक-बालिका वर्ग नयापुरा स्टेडियम, कोटा में 11 से 14 जनवरी 2025 तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता के लिए जिला दल का गठन किया गया।

अपशिष्ट फूलों के उत्पादों द्वारा कौशल विकास से ग्रामीण महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : वर्मा

- सुरक्षात्मक वस्त्रों का डिजाइन व विकास पर कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के अखिल भारतीय समन्वित कृषिरत महिला अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोयरा की महिलाओं के लिए सुरक्षात्मक वस्त्रों का डिजाइन व विकास और ग्राम ब्राह्मणों की हुन्दर की महिलाओं के लिए अपशिष्ट फूलों का मूल्य उक्त संवर्धित उत्पादों में रूपांतरण पर दस दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन 30 दिसम्बर से प्रारंभ किया गया।

विगत दस दिनों से प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं ने ब्लाउज, शर्ट, पैंट, कुर्ता, लहंगा, पेटिकोट, पटियाला सलवार इत्यादि वस्त्रों के डिजाइन करके वस्त्र सिले 7 साथ ही अपशिष्ट फूलों का उपयोग कर अगरबत्ती, धूपबत्ती, पॉट पोरी, प्राकृतिक पॉट, हर्बल हवन दीपक एवं खाद का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन गत दिनों किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, निदेशक, अनुसंधान निदेशालय रहे। उन्होंने कहा कि एक महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होगा, सुदृढ होगा । ज्ञान से व्यक्ति में आत्मनिर्भरता आती है हुनर चाहे सिलाई का हो, या बच्चे पालने का हो, उसमें महिलाओं का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है । इसलिए महिला शिक्षा पर बल दिया जाता है एवं कृषि क्षेत्र में भी महिलाओं का योगदान होने से आर्थिक विकास निश्चित रूप से होता है। कृषि के साथ-साथ अन्य विधाओं में कौशल विकास से महिलाएं जीविकोपार्जन करने में सक्षम होती है । विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रियंका सुथार ने बताया कि महाविद्यालय से समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यकमों का आयोजन किया जाता है जिसमें बीज वितरण, सिलाई, मूल्य संवर्धित उत्पाद, श्रम साध्य कृषि उपकरणों की जानकारी आदि महिलाओं में आत्मविश्वास जगाती हैं। परियोजना समन्वयक डॉ विशाखा बंसल ने बताया कि भा. कृ. अ. परिषद् के केंद्रीय कृषिरत महिला संस्थान, सीवा, भुवनेश्वर द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत इस वर्ष 100 ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न विषयों पर कौशल विकास करने का लक्ष्य था इसके अंतर्गत न्यूट्री स्मार्ट विलेज लोयरा की 30 महिलाओं को, मदार की 20 महिलाओं को, ब्राह्मणों की हुन्दर की 40 महिलाओं को एवं थूर की 28 महिलाओं को विभिन्न विधाओं में अब तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है साथ ही विभिन्न शोध के परिणामों के आधार पर महिलाओं को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है । कार्यक्रम में प्रो. हेम राठोड, डॉ. विशाखा सिंह, डॉ. सुमित्रा मीणा उपस्थित रही । संचालन डॉ. कुसुम शर्मा, यंग प्रोफेशनल द्वारा किया गया।

सुरक्षात्मक वस्त्रों का डिजाइन व विकास पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

सार-समाचार

पोस्टर का विमोचन

उदयपुर, (कासं)। प्रतिबद्ध संस्थान, प्रेरणा परिवार के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने संस्थान की 10 वर्ष की उपलब्धियों पोस्टर का विमोचन कुलपति सचिवालय में किया। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि देश के सतत विकास में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्थाओं को सदैव एक-दूसरे को प्रेरणा देकर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करना चाहिए क्योंकि समाजसेवी संस्थाओं का यही मूल उद्देश्य होता है। प्रतिबद्ध संस्थान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थान की 10 वर्षीय उपलब्धियों व राज्य और केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त विभिन्न प्रमाण पत्रों को दर्शाते हुए बनाए गए पोस्टर द्वारा संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया गया। पदाधिकारियों, सदस्यों ने आगामी वर्षों में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की व सभी ने सर्वसहमति से निर्णय लिया कि संस्थान आगे भी आने वाले वर्षों में शिक्षा, समाज सेवा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जनकल्याण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। संस्थान सचिव गिरीश भारती ने बताया की संस्थान आगामी दिनों में राज्य में कॉरपोरेट सेक्टर के साथ जनकल्याणकारी कार्यो में अपनी अहम भूमिका निभाएगा व महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा जल्द ही प्रेरणा कामकाजी महिला छात्रावास हेतु भवन निर्माण कार्य भी प्रारम्भ किया जाएगा।

सफेद मोतियाबिंद का ऑपरेशन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने सफेद मोतियाबिंद के टॉपिकल फेको विधि से सफल ऑपरेशन किये। पिम्स हॉस्पिटल के चेयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि गत दिनों सिरोही में पिम्स हॉस्पिटल द्वारा आई कैंप आयोजित हुआ जिसमें बहुत से मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इन मरीजों को उमरडा स्थित पिम्स हॉस्पिटल में लाया गया और उनके निशुल्क सफेद मोतियाबिंद के टॉपिकल फेको विधि से सफल ऑपरेशन किये गए। ऑपरेशन नेत्र रोग विभाग के प्रमुख डॉ. नितिन सिंह, डॉ. संध्या नागदा और टीम डॉ. प्रांशु पटेल, ओम प्रकाश, निर्मला, शिव और आनंद ने किये।

निःशुल्क परामर्श शिविर 11 को

उदयपुर, (कासं)।पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल,लायन्स क्लब उदयपुर अरावली एवं अरावली लायन्स ट्रस्ट की ओर निःशुल्क जॉच एवं परामर्श शिविर का 11 जनवरी को आयोजन किया जा रहा है। क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र नागौरी ने बताया कि प्रातः 10 बजे से दोपहर 2बजे तक अरावली नैत्र चिकित्सालय,लाल बोट चौराहा पर आयोजित शिविर में सभी तरह के ब्लड व यूरिन के टेस्ट के साथ ही ईसीजी,ईको,एक्स-रे,सोनोग्राफी,मैमोग्राफी आदि स्वास्थ्य सम्बन्धी जांचे पीएमसीएच द्वारा निःशुल्क की जाएगी। पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में जनरल मेडिसिन विभाग,स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विभाग,वक्ष एवं क्षय रोग विभाग,चर्म रोग विभाग,शिशु रोग विभाग,जनरल सर्जरी,दन्त रोग विभाग,नाक-कान-गला रोग विभाग,नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को परामर्श देंगें।

वार्ड 17 में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

कपासन, (निसं)। वार्ड 17 (ओबीसी महिला) के उपचुनाव में शांतिपूर्वक मतदान हुआ। जिसमें 84.2 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव में भाजापा और कांठोस के बीच सीधी टक्कर देखने को मिली। दोनों पार्टियों के नेताओं ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने में पूरा अन्तिम समय तक जोर लगाया। गुरुवार को मतदान भवानीशंकर नंदवाना राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में दो मतदान बूथों पर संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचने लगे। लेकिन मतदान धीरे चला लेकिन ग्यारह बजे बाद मतदान तेज हुआ। जिसके चलते सायं काल 5 बजे शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुआ।यहां कुल 885 मतदाताओं में से 746 मतदाताओं ने मतदान किया, जिससे मतदान प्रतिशत 84.29 रहा।

एच.एम.पी.वी.को लेकर बैठक

राजसमंद,०(निसं)। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के फैलने के कारण, लक्षण, उपचार एवं चिकित्सा संस्थानो में आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य भवन में जिला चिकित्सालयों, उपजिला चिकित्सालयों, सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों एवं खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें विस्तार से एचएमपीवी को लेकर जानकारी दी गई तथा संस्थानों पर उपलब्ध दवाईंयो, उपकरणो, आईसोलेशन वार्ड, ऑक्सीजन की समुचित उपलब्धता के साथ ही अन्य आवश्यकताओं को लेकर सीएमएचओं डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल व आरसीएचओ डॉ सुरेश मीणा ने समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। शुरूआत में डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ नवीन जांगिड ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से वायरस के फैलने के कारण, लक्षण एवं उपचार को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सामान्य फ्लू है, एचएमपीवी एक संक्रामक रोग है और संक्रमित व्यक्ति से दूसरो में आसानी से फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से निकलने वाले ड्रॉपलेट्स, ऐसी वस्तुओं या सतहो को छूने से जिन पर वायरस हो से संक्रमण का प्रसार हो सकता है। मुख्यतः इस वायरस से बच्चें, गर्भवती महिलांए, 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध अथवा कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग प्रभावित हो सकते हैं इसलिए इन सभी वर्ग के लोगो का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

घटिया सड़क निर्माण का आरोप

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के न्यू कॉलोनी क्षेत्र में लोगों ने घटिया डामर लगाकर सडक बनाने पर आक्रोश जताया है। क्षेत्र के वाशिंदो ने बताया कि पहले पाईप लाइन के लिए जैसे-तैसे शहर की सडकें खोद दी। इससे सालभर तक परेशान रहे। अब सडकों पर डामर का काम भी घटिया किया जा